# विदेशी राजनयिक प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और ओडीओपी उत्पादों की सराहा

**लखनऊ, 2 नवम्बर 2025:** मध्य और दक्षिण अमेरिका तथा कैरेबियाई क्षेत्र के 21 देशों से आए 45 सदस्यीय राजनयिक प्रतिनिधिमंडल ने अपने लखनऊ प्रवास के दौरान उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक और कलात्मक विरासत का अनुभव किया। यह तीन दिवसीय दौरा **इन्वेस्ट यूपी** द्वारा विदेश मंत्रालय के सुषमा स्वराज इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन सर्विस (SSIFS) के प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया।

प्रतिनिधिमंडल के साथ विदेश मंत्रालय की संयुक्त सचिव श्रीमती अनीता शुक्ला भी उपस्थित रहीं। इस दौरान राजनयिकों ने ऐतिहासिक बड़ा इमामबाड़ा का भ्रमण किया, जो लखनऊ की स्थापत्य कला और गंगा-जमुनी संस्कृति का अद्भुत प्रतीक है। प्रतिनिधिमंडल इसके शानदार वास्तुशिल्प, ऐतिहासिक महत्व और भव्यता से प्रभावित हुआ, जो प्रदेश के गौरवशाली अतीत को दर्शाता है।

शाम के समय प्रतिनिधिमंडल ने **उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन एंड रिसर्च (**UPIDR) का दौरा किया, जहाँ उन्होंने प्रदेश की **एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी)** योजना से जुड़ी रचनात्मकता और शिल्पकला को करीब से देखा। राजनयिकों ने विद्यार्थियों और स्थानीय कारीगरों द्वारा निर्मित हस्तनिर्मित उत्पादों, पारंपरिक कलाकृतियों और नवीन डिजाइनों की सराहना की। संस्थान का आर्ट एंड डिजाइन म्यूज़ियम भी प्रतिनिधिमंडल के लिए आकर्षण का केंद्र रहा, जो उत्तर प्रदेश की परंपरा और आधुनिक डिज़ाइन का सुंदर संगम प्रदर्शित करता है।

**इन्वेस्ट यूपी** के अधिकारियों ने राजनयिकों का स्वागत और सम्मान करते हुए उनके उत्साहपूर्ण सहभाग और संवाद के लिए आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल ने संस्कृति और निवेश को साथ लेकर चलने की प्रदेश सरकार की गतिशील नीति की सराहना करते हुए उत्तर प्रदेश को वैश्विक साझेदारी के लिए एक संभावनाओं से भरा गंतव्य बताया।

दौरे का समापन एक ग्रुप फोटो के साथ हुआ, राजनयिक उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक समृद्धि, कलात्मक उत्कृष्टता और निवेश क्षमता से प्रभावित होकर लौटे और भविष्य में निवेश साझेदारी में अहम भूमिका निभाने का विश्वास दिलाया।

----------------------------------------